

हिंदी दैनिक खबर

# केशववाणी

हर पल, हमारी खबर

गुरुवार 19 मार्च 2026 बर्ष 02 अंक 76 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

जीवन में शांति चाहते हैं तो दुसरों की शिकायतें
करने से बेहतर है प्रेरक उद्धरण संग्रह
खुद को बदल लें।
क्योंकि पुरी दुनिया में कारपेट बिछाने से
खुद के पैरों में चप्पल पहन लेना अधिक सरल है।

## बिहार में हुए न्याय के साथ विकास और सुशासन का नीतीश माडल ऐतिहासिक – मंत्री श्रवण कुमार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बेन (नालंदा)।** बेन प्रखंड सह अंचल कार्यालय के आवासीय भवन का (प्रा राशि लगभग 123.57 लाख रुपये) शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक सह बिहार सरकार के ग्रामीण विकास सह परिवहन विभाग के मंत्री श्रवण कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में अकल्पनीय परिवर्तन हुआ है।आज लोग गर्व से अपने आप को बिहारी कहलाना पसंद करते ये परिवर्तन हमारे नेता ने किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सम्मान और स्नेह से बिहार जनसेवक कहते है। इन्होंने दशकों बिहार की सेवा की,आज भी अनवरत लोगों की तकलीफें दूर करने में लगे रहते हैं।अपने संकल्प और समर्पण से इन्होंने बदहाल प्रदेश को खुशहाल बिहार बना दिया। इनकी तरह का संकल्पित व्यक्तित्व सार्वजनिक जीवन में दूसरा कोई दिखाई ही नहीं पड़ता।राज्य की बदहाली से खुशहाली तक के सफर के पीछे नीतीश कुमार की कर्तव्यनिष्ठा और बिहार को बदलने की जीवटता समाहित रही है। पिछले 20 वर्षों से बिहार और बिहारवासियों की सेवा के लिए कटिबद्ध सच्चे मायनों में बिहार के बदलाव के प्रतीक हैं।

उन्होंने सामाजिक न्याय को धरातल पर उतारा और अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव के संवाहक बने।




बिहार को एक नई पहचान देने वाले देश के सबसे लोकप्रिय नेता है बिहार ने हर दौर देखा है। जंगलराज की कराह सुनी तो सुशासन राज में बिहार को बदलते,विकसित होते देखा है।निशांत कुमार के सार्वजनिक जीवन की यात्रा शुरू हुई तो बिहार को इस बात का भरोसा हुआ है कि एक संवेदनशील युवा नेतृत्व आने वाले दिनों में जनसेवा की लंबी लकीर खींचेगा।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल,प्रखंड प्रमुख रंजू देवी लक्ष्मण प्रसाद, टुनटुन सिंह, कुमुद कुमार, आलोक कुमार, उपप्रमुख मो कलीम, सुधीर प्रसाद, शैलेंद्र प्रसाद, जितेंद्र कुमार,भागेरण पाल, जीतू मुखिया, अविनाश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## झारखंड में बिहार विधान परिषद समिति की अध्ययन यात्रा महिला सशक्तिकरण व बाल संरक्षण पर हुई विस्तृत चर्चा

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राज्य से बाहर अध्ययन यात्रा पर निकली बिहार विधान परिषद की बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण समिति ने झारखंड में महत्वपूर्ण बैठक एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान समिति की अध्यक्ष माननीय श्रीमती कल्पना सोरेन सहित झारखंड की समिति के सभी माननीय सदस्यों के साथ आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण मुलाकात हुई। बैठक के दौरान बिहार में संचालित महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण एवं सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने राज्य में म. हलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, आत्मनिर्भरता, पोषण, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता तथा बच्चों के अधिकारों की रक्षा से संबंधित पहलों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर दोनों राज्यों के प्रतिनिधियों के बीच अनुभवों का आदान–प्रदान हुआ, जिससे योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने तथा जमीनी स्तर पर प्रभावी परिणाम सुनिश्चित करने के उपायों पर विचार–विमर्श किया गया। साथ ही बाल संरक्षण तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने, महिला उत्पीड़न की रोकथाम, तथा सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। समिति के सदस्यों ने कहा कि इस प्रकार की अध्ययन यात्राएं न केवल नीतियों को बेहतर बनाने में सहायक होती हैं, बल्कि राज्यों के बीच समन्वय और सहयोग को भी मजबूत करती हैं। अंततः सभी सदस्यों ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल संरक्षण के क्षेत्र में भविष्य में और प्रभावी कदम उठाने तथा आपसी सहयोग को बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## नालंदा में मानवता की मिसाल : परित्यक्त बालिका को मिला नया परिवार, दंपति ने लिया दत्तक

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा में एक सराहनीय और भावुक पहल के तहत परित्यक्त बालिका को नया जीवन और परिवार मिला है। जानकारी के अनुसार, कल्याण बिगहा ओपी थाना पुलिस द्वारा 07 अक्टूबर 2024 को परित्यक्त अवस्था में मिली लगभग 10 दिन की बालिका तन्वी कुमारी को बाल कल्याण समिति, नालंदा के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। समिति के निर्देशानुसार बालिका का समुचित चिकित्सीय देखभाल कराया गया, जिसके बाद उसे विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, नालंदा में सुरक्षित रूप से रखा गया। आगे की प्रक्रिया के तहत 27 फरवरी 2025 को पुणे (महाराष्ट्र) निवासी दंपति श्री सचिन शाम पाटिल एवं श्रीमती सुजाता सचिन पाटिल संस्थान पहुंचे और बालिका से मुलाकात की। आवश्यक विधिक प्रक्रियाएं और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद 17 मार्च 2026 को दंपति ने बालिका को विधिवत दत्तक ग्रहण कर लिया।इस अवसर पर जिले के जिलाधिकारी कुंदन कुमार के कर–कमलों द्वारा दंपति को दत्तक ग्रहण का आधिकारिक आदेश पत्र सौंपा गया। दत्तक ग्रहण के बाद बालिका को "तन्वी सचिन पाटिल" के नाम से नई पहचान और परिवार मिला। बताया गया कि श्री सचिन शाम पाटिल पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, जबकि श्रीमती सुजाता सचिन पाटिल दंत चिकित्सक हैं।



दोनों एक सशक्त और संस्कारित पारिवारिक पृष्ठभूमि से आते हैं और बालिका के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, नालंदा ने इस मानवीय पहल के लिए दंपति की भूरि–भूरि प्रशंसा की है। वहीं जिलाधिकारी ने भी बालिका तन्वी सचिन पाटिल के सुखद, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

## इसलामपुर में घर के पास से बाइक चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इसलामपुर (नालंदा)** इसलामपुर के गजासराय मोहल्ले में अज्ञात चोरों द्वारा एक बाइक चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गजासराय मो. हल्ला निवासी अरुण कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी बाइक घर के पास खड़ी कर रखी थी और किसी काम से घर के अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब वे वापस बाहर आए तो देखा कि उनकी बाइक वहां से गायब है। बाइक मालिक ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने इसलामपुर थाना में लिखित आवेदन देकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की छानबीन में जुट गई है। इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है, ताकि जल्द से जल्द चोरी का खुलासा किया जा सके।





अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन
देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# इसलामपुर में शांति समिति की बैठक, पर्वो को लेकर प्रशासन अलर्ट

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इसलामपुर (नालंदा)।** इसलामपुर में रामनवमी, चौती छठ, ईद और चौती दुर्गा पूजा को लेकर बुधवार को शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसलामपुर बाजार स्थित श्री बड़ी दुर्गा स्थान के मां जगदम्बा दरबार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता हिलसा–2 इसलामपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज ने की। बैठक में उपस्थित सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डीएसपी कुमार ऋषि राज ने सभी पर्वो को शांतिपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि रामनवमी जुलूस एवं शोभा यात्रा निकालने के लिए पूजा समितियों को स्थानीय थाना में पूर्व सूचना देनी होगी तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट का ही पालन करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही जुलूस के लिए लाइसेंस लेना भी जरूरी होगा। डीएसपी ने बताया कि जुलूस में डीजे, तेज धारदार हथियार एवं किसी भी प्रकार के शस्त्र पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। यदि कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है, तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि पर्वो के दौरान चौक–चौराहों एवं संवेदनशील इलाकों में दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और पकड़े जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि रामनवमी सेवा समिति को लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कम से कम 20 सदस्यों का आधार कार्ड जमा करना होगा। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार, पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार, थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, कार्यपालक पदाधिकारी पूजा माला, श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रो. उमेश प्रसाद, सचिव अनिल कुमार (अधिवक्ता), उपाध्यक्ष शिवदानी पांडेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




वहीं दूसरी ओर खोदागंज थाना परिसर में भी रामनवमी, ईद, चौती छठ एवं चौती दुर्गा पूजा को लेकर थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार गहलोत की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों को शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की सख्त हिदायत दी गई। इस दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध की जानकारी दी गई तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही गई। बैठक में जिला परिषद सदस्य अनुराधा देवी, मुखिया गयासुद्दीन, आजाद आलम, मुकेश कुमार, प्रखंड बीस सूत्री सदस्य वरुण सिंह, अखिलेश यादव, रूबी देवी, मनोज कुमार, भाजपा अध्यक्ष वरुण शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल, माधव लाल कश्यप के खिलाफ केस दर्ज, छापेमारी जारी

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)।** नालंदा में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल होने के मामले में साइबर थाना ने बड़ी कार्रवाई की है। फेसबुक पर "माधवलाल कश्यप" नाम से बने प्रोफाइल से भड़काऊ एवं आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट किए जाने की सूचना 18 मार्च 2026 की सुबह प्राप्त हुई, जिसके बाद पुलिस तुरंत हरकत में आई। नालंदा साइबर थाना द्वारा पोस्ट का अवलोकन करने पर पाया गया कि यह भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। इसके आधार पर साइबर थाना कांड संख्या 72/26 दिनांक 18.03.2026 दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आरोपी माधव लाल कश्यप की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की, लेकिन वह फिलहाल फरार बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, उसके खिलाफ पूर्व से भी कई मामले दर्ज होने की बात सामने आई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि धर्म, मूलवंश, जन्म–स्थान, निवास–स्थान या भाषा के आधार पर विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता फैलाना और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली गतिविधियां कानूनन अपराध हैं। सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट को फॉरवर्ड करना, लाइक करना या उस पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना भी अपराध की श्रेणी में आता है और इसे दुष्प्रेरण (Abetment) या आपराधिक साजिश माना जा सकता है। मामले में वायरल वीडियो को सुरक्षित कर लिया गया है और पोस्ट को शेयर, लाइक या कमेंट करने वाले लोगों की पहचान की जा रही है, ताकि उनकी भूमिका की भी जांच की जा सके। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे ऐसे भड़काऊ पोस्ट से दूर रहें और किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सामग्री को साझा करने से बचें। पुलिस ने यह भी बताया कि इस मामले में संलिप्त सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और मामले की गहन जांच जारी है।




अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120




# बिहारशरीफ के P.M.S. कॉलेज में संपत्ति विवाद पर बवाल, प्रबंधन ने लगाए गंभीर आरोप

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहार शरीफ (नालंदा)।** बिहार शरीफ स्थित P.M.S. कॉलेज, पहाड़पुरा में एक गंभीर विवाद को लेकर बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में कॉलेज के सचिव डॉ. रघुनाथ प्रसाद कछवे, प्रिंसिपल बलराम प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ लोग कॉलेज की संपत्ति और फंड पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रबंधन की ओर से राज. कुमार प्रसाद, उनके भाई संजय कुमार, रंजय कुमार वर्मा उर्फ रंजू तथा उनके पुत्र पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश, मारपीट, गाली–गलौज और कॉलेज पदाधिकारियों को धमकाने जैसे आरोप शामिल हैं।

**अनुदान विवाद या कब्जे की कोशिश?**

मंगलवार को पैरु महतो सोमरी महाविद्यालय के कुछ शिक्षक नालंदा कॉलेज पहुंचे और सचिव डॉ. कछवे के खिलाफ बैनर–पोस्टर के साथ नारेबाजी की। शिक्षकों का आरोप था कि कॉलेज में सरकारी अनुदान के वितरण में अनियमितता और भेदभाव हुआ है। हालांकि, कॉलेज प्रबंधन ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे संपत्ति कब्जाने की साजिश बताया। प्रबंधन का दावा है कि जिन लोगों ने कॉलेज के लिए जमीन दान नहीं दी, वे अब कॉलेज की संपत्ति पर दावा कर रहे हैं और पदाधिकारियों को धमका रहे हैं।

**कब्जे की साजिश और धमकी का आरोप**

कॉलेज प्रबंधन के अनुसार, आरोपितों ने सचिव और प्राचार्य पद पर कब्जा करने की धमकी दी है। साथ ही प्रबंधन के सदस्यों के साथ मारपीट की योजना बनाने का भी आरोप लगाया गया है। इसको लेकर प्रबंधन ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**करोड़ों के फंड पर नजर**

सचिव डॉ. कछवे ने बताया कि कॉलेज के पास करीब चार करोड़ रुपये का फंड है, जिस पर आरोपितों की नजर है। उनका कहना है कि अवैध कब्जा कर इस फंड का दुरुपयोग करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी ईमानदारी के कारण अब तक यह प्रयास सफल नहीं हो पाया है।



**अवैध बहाली और घोटाले का आरोप**

प्रबंधन ने आरोप लगाया कि संबंधित लोगों द्वारा कॉलेज में अवैध नियुक्तियां की गई हैं और फंड का दुरुपयोग किया गया है। अपने परिजनों को गलत तरीके से नौकरी देकर वेतन देने का भी आरोप लगाया गया है। प्रबंधन ने इन मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**प्रशासन से सुरक्षा की मांग**

मामले की गंभीरता को देखते हुए कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस और प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि सचिव और उनके परिवार की जान को खतरा है। साथ ही उन्होंने उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर कॉलेज में शांति और सुरक्षा बहाल करने की अपील की है। इस मौके पर कॉलेज के सचिव, प्राचार्य, शिक्षक प्रतिनिधि, प्रभारी प्राचार्य तथा अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



# बच्चों की सुरक्षा व उनके अधिकारों की रक्षा करना हमारा दायित्व - अंतरा साव
# बच्चों के अंदर भरें सकारात्मक सोच, बढ़ेंगे आगे - अनिता कुमारी गुप्ता

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा करना हमारा दायित्व व कर्त्तव्य बनता है। बच्चे अनमोल धन हैं। इन्हें सही राह दिखाना होगा। ये बातें राजगृह महिला क्लब की अध्यक्ष अंतरा साव ने बुधवार को संस्कार सेवा सदन में हमारी पाठशाला फेज चार के बच्चों और शिक्षकों के बीच पर्यावरण दिवस व राष्ट्रीय बाल शोषण जागरूता प्रशिक्षण में कहीं। बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेवारी है। आज ग्लोबल रीसाइकलिंग डे भी है। हर एक छोटा प्रयास मायने रखता है। हमें रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकिल अपनाना चाहिए। एक हरित भविष्य की ओर देश का कदम आगे बढ़ाना चाहिए। पार्षद कविता कुमारी ने कहा कि बच्चों को खेल–खेल में पढ़ाना चाहिए। एबीपीएम के राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष एवं राजगृह महिला मंच क्लब के सचिव समाजसेवी अनिता कुमारी गुप्ता ने कहा कि इस तरह के समारोह से बच्चों और उनके अभिभावकों में पर्यावरण संरक्षण और बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता आयेगी। बच्चों का मन कोमल होता है। उन्हें जिस तरह से ढालेंगे वे वैसा करेंगे। उनके अंदर सकारात्मक सोच भरना चाहिए। आगे की सोचें। इससे वे जीवन में हमेशा आगे बढ़ते रहेंगे। रानी कुमारी ने बच्चों को गीत संगीत एवं नृत्य की भी जानकारी दी। कहा कि जीवन में संगीत का बहुत ही महत्व होता है। जिला स्तरीय प्रशिक्षक रमेश कुमार पान ने बच्चों को बाल शोषण के प्रति जागरूक किया। बच्चों को उनके अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया। हमारी पाठशाला परियोजना के समन्वयक एलॉयसियस ओस्ता ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। टीम सुपरवाइजर साहिल राज ने कहा कि बच्चों को जागरूक करना जरूरी है।




परियोजना के समन्वयक एलॉयसियस ओस्ता को राजगृह महिला मंच क्लब की ओर से संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। इस मौके पर बिहार वॉटर डेवलपमेंट के शिक्षक किरण कुमारी, आरती कुमारी, सोनू कुमार, सुमन कुमार, राजेश कुमार, दिनेश प्रसाद, राजेश कुमार, भीम पासवान, फिरोज कुमार, रूपा कुमारी, संगीता कुमारी, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।






# कतरीसराय में रोजगार को लेकर बैठक आयोजित, टाटा मोटर्स में नौकरी का अवसर

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट, कतरीसराय (नालंदा)।** कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जागरूक जीविका महिला विकास स्वलंबी सहका. रिता समिति में रोजगार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में टाटा मोटर्स के रोजगार प्रबंधक तथा जीविका के रा. जगार प्रबंधक संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से भाग लिया। बैठक के दौरान इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि चयनित अभ्यर्थियों को पहले प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और प्रशिक्षण अवधि के दौरान उन्हें जीविकोपार्जन हेतु भत्ता भी दिया जाएगा।

प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थियों को टाटा मोटर्स में स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी।बैठक के उपरांत कुल 10 अभ्यर्थियों ने आवेदन पत्र जमा किया, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक पहल मानी जा रही है। इस अवसर पर बीपीएम राजीव कुमार रंजन, एसी बलभद्र नारायण गौतम, सीसी निशु कुमारी, प्रिया कुमारी, सुरुचि कुमारी, जेआरपी सीमा कुमारी सहित दर्जनों अभ्यर्थी एवं जीविका के सदस्य उपस्थित रहे।

# नालंदा में बड़ा हादसा टला - अनियंत्रित बस घर में घुसी, मवेशी

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसुक गांव से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां एक बड़ा हादसा होते–होते टल गया। जानकारी के अनुसार, दीपनगर के कोसुक गांव स्थित एक घर में अनियंत्रित होकर एक बस जा घुसी।

इस घटना में घर के पास मौजूद दो मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। राहत की बात यह रही कि जिस घर में बस घुसी, उस समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई।

बताया जाता है कि यह हादसा बुधवार की देर शाम उस समय हुआ, जब बस बिहारशरीफ से राजगीर की ओर जा रही थी। इसी दौरान चालक का नियंत्रण बस पर से हट गया और बस सीधे एक घर में जा घुसी।



घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।







अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# नाई संघ ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

## रविशंकर ठाकुर मृदुभाषी एवं स्वच्छ व्यक्तित्व के धनी थे – राकेश बिहारी

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** शहर के संघ कार्यालय में मंगलवार की देर संध्या को अखिल भारतीय नाई संघ (ट्रेड यूनियन) के सक्रिय सदस्य कर्मयोगी रविशंकर ठाकुर के असामयिक निधन पर जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित नाई संघ के सदस्यों ने स्व. रविशंकर ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर ला.`गों ने दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय रविशंकर ठाकुर को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा ने कहा कि संघ उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा करने का प्रयास कर रहा है। वे जीवनभर संघ के विकास के लिए काम करते रहे। आप भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, पर आपकी यादें और स्नेह हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगे। मौके पर श्रद्धांजलि सभा में संघ के जिला संयोजक राकेश बिहारी शर्मा ने कहा कि दिवंगत रविशंकर ठाकुर मृदुभाषी एवं स्वच्छ व्यक्तित्व के धनी थे। वे सदैव समाज को एक सूत्र में जोड़ने का काम करते रहे। नालंदा जिले में नाई समाज को संगठित करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं, समाज के हर परिस्थिति में सुख–दुःख में या समाज के लिए इनके द्वारा किए गए कार्य को भुलाना मुश्किल हैं।




नाई संघ के संरक्षक मकसूदन शर्मा ने कहा कि रविशंकर जी एक कर्मठ कार्यकर्ता, अनुशासित और दूरदर्शी थे। उनका साथ अनुभव और कर्तव्यनिष्ठा नाई समाज के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। इस मौके पर उपाध्यक्ष रंजीत कुमार अकेला, समाजसेवी धीरज कुमार, भीम ठाकुर, सुधीर कुमार शर्मा, बबलू शर्मा, परविंदर शर्मा, जनार्दन ठाकुर, बबलू ठाकुर, अजय शर्मा, बिक्रम कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।रविशंकर बाबू का निधन न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे नाई समाज और जिले के लिए एक बड़ी क्षति है। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। संगठन इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है। ईश्वर उनके आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और परिवार को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

# खोदागंज थाना पुलिस की कार्रवाई: हत्या के प्रयास के तीन आरोपी गिरफ्तार, हिलसा जेल भेजे गए

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट इसलामपुर(नालंदा)।** इसलामपुर में गुप्त सूचना के आधार पर खोदागंज थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के बैरा गांव से की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैरा गांव में पूर्व की रंजिश को लेकर रविंद्र चौधरी की हत्या का प्रयास किया गया था।

इस संबंध में पीड़ित की पत्नी मुनकवा देवी ने स्थानीय थाना में कांड संख्या 33/2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी।पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुलशन चौधरी, धर्मेंद्र चा.`धरी एवं सतेंद्र चौधरी के रूप में हुई है। कार्रवाई के बाद सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए हिलसा जेल भेज दिया गया।
पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

भारत के टॉप प्राईवेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए करें आवेदन
अपने करियर को दे नई उड़ान......
1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त
2. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
ENGINEERING | MEDICAL | MANAGEMENT | B.Ed
PHARMACY | AGRICULTURE | B.Sc NURSSING
COMPUTER APPLICATION | B.Sc, B.Com, B.A. M.Sc.
M.Com, M.A., PHd
आवेदन के लिए संपर्क करें
& OTHER COURSES
अमर वर्मा
संपर्क :- 8210335159
ग्राम देवधा निकट पावापुरी रोड, स्टेशन, बिहार शरीफ (नालन्दा)

